दादी की
नई बिल्ली

टोनी

दादी की
नई बिल्ली

ऐसा नहीं था कि बूढ़ी दादी हैलवरसन इतनी कठोर थीं कि अपनी बिल्ली के मरने पर उन्होंने आंसू नहीं बहाए या उसका नुकसान महसूस नहीं किया. बस दादी हैलवरसन एक व्यावहारिक और चतुर महिला थीं ... व्यावहारिक खासकर अपने किचन के बारे में.

इसलिए, जब उनके घर की पुरानी बिल्ली मर गई, तो उन्हें तुरंत एक नई बिल्ली की ज़रुरत महसूस हुई. यह ज़रुरत उनके लिए पूरी तरह से एक व्यावहारिक चिंता थी.

क्योंकि, उसी शाम उन्होंने चूहों को पनीर को खुरचते
हुए सुना, और उससे वो बेहद चिंतित हुईं.

"कोई भी घर एक चूहे पकड़ने वाली अच्छी बिल्ली के बिना, जोखिम नहीं उठा सकता है," उन्होंने अपने पति से कहा. "ज़रा खलिहान में बिल्लियों को देखो, जांचो-परखों और फिर उनमें से सबसे अच्छी बिल्ली मेरे लिए लेकर आओ."

किसान हैलवरसन, एक समझदार आदमी था. वो अपनी चिंतित पत्नी से बिल्कुल सहमत था. उसने सबसे अच्छी बिल्ली लाने का वादा भी किया.

अगली सुबह किसान हैलवरसन ने अपनी गायों का दूध निकालने के बाद कुछ क्रीम एक कढ़ाई में डाल दी.

फिर वो बिल्लियों को जांचने के लिए बैठ गया, क्योंकि बिल्लियाँ तुरंत क्रीम खाने के लिए वहां आईं.

कुछ देर बाद उसने एक सिलेटी रंग की बिल्ली को चुना. वो बाकी बिल्लियों को खरोंच रही थी और अन्य बिल्लियों को भगा रही थी जो क्रीम खाने की कोशिश कर रही थीं.

निश्चित रूप से एक मतलबी बिल्ली चूहों को पकड़ने का भी अच्छा काम करेगी, किसान हैलवरसन ने सोचा, और वो उसे घर ले गया.

"यह रही तुम्हारी बिल्ली, प्रिय!" किसान हैलवरसन ने अपनी पत्नी से कहा. "इस सिलेटी बिल्ली को रसोई में रखना और फिर तुम्हारी सभी चिंताएं खत्म हो जाएँगी!"

हालांकि अगली सुबह, दादी हैलवरसन अभी भी चिंतित थी.

"यह बिल्ली कभी भी चूहे पकड़ने वाली अच्छी बिल्ली नहीं बनेगी!" उन्होंने कहा. "वह तुच्छ स्वभाव वाली और अधीर है. उसने मुझे पहले ही मुझे दो बार खरोंचा है. इस बेकार बिल्ली को खलिहान में वापस ले आओ और कोई बेहतर बिल्ली ढूंढ कर लाओ."

एक समझदार आदमी होने के नाते, किसान हैलवरसन ने पत्नी की बात से सहमति जताई और फिर सिलेटी बिल्ली को वापस खलिहान में ले गया.

अगली सुबह किसान हैलवरसन ने अपनी गायों का दूध निकालने के बाद कुछ क्रीम एक कढ़ाई में डाल दी.

कुछ समय बाद, उसने एक बड़ी काली बिल्ली को चुना. बिल्ली ने अपने पैरों को कढ़ाई के बीच में रखा और जमकर क्रीम खाई. उसने क्रीम को अपने पास ही रखने की कोशिश की.

निश्चित रूप से एक ऐसी बिल्ली जिसे खाने से इतना प्यार हो वो अच्छी तरह से शिकार के लिए चूहे भी पकड़ेगी, किसान हैलवरसन ने सोचा, और फिर वो उस बिल्ली को घर ले गया.

"यह रही नई बिल्ली, प्रिय!" किसान हैलवरसन ने रसोई के फर्श पर काली बिल्ली को रखा. "अब तुम्हारी सारी चिंताएं खत्म हो जाएँगी!" हालांकि अगली सुबह, दादी हैलवरसन अभी भी चिंतित थी.

"यह बिल्ली कभी भी चूहे पकड़ने वाली अच्छी बिल्ली नहीं बनेगी!" उन्होंने कहा. "वो बहुत मोटी और अनाड़ी है. वो मुश्किल से ही चल पाती है. चूहे उसके चारों ओर घूमते रहते हैं. इस बेकार बिल्ली को खलिहान में वापस ले जाओ और कोई बेहतर बिल्ली खोज कर लाओ."

एक समझदार आदमी होने के नाते, किसान हैलवरसन ने पत्नी की बात से सहमति जताई और फिर काली बिल्ली को वापस खलिहान में ले गया.

अगली सुबह किसान हैलवरसन ने अपनी गायों का दूध निकालने के बाद कुछ क्रीम एक कढ़ाई में डाल दी.

थोड़ी देर के बाद, उसने पीले रंग की एक बिल्ली को चुना जो अपने फेफड़े फाड़-फाड़कर चीख-चिल्ला रही थी और दूसरी बिल्लियों को डराकर सभी क्रीम खुद खाने की कोशिश कर रही थी.

निश्चित रूप से एक शोर मचाने वाली बिल्ली चूहे पकड़ने में भी उस्ताद होगी. बिल्ली के शोरगुल से कम-से-कम चूहे डर के मारे वहां से भाग जायेंगे, ऐसा सोचा किसान हैलवरसन ने. फिर वो उसे घर ले गया.

"यह रही नई बिल्ली, प्रिय!" किसान हैलवरसन ने रसोई के फर्श पर शोर मचाने वाली बिल्ली को रखा. "अब तुम्हारी सारी चिंताएं खत्म हो जाएँगी!"

पर अगली सुबह, दादी हैलवरसन अभी भी चिंतित थी.

"यह बिल्ली कभी भी चूहे पकड़ने वाली अच्छी बिल्ली नहीं बनेगी!" उन्होंने कहा. वह बहुत शोर मचाती है उससे चूहों को उसका पहले ही पता चल जाता है. इसके अलावा, उसके साथ मुझे एक पल की शांति भी नहीं मिलेगी. इस शोर मचाने वाली बिल्ली को खलिहान में वापस ले जाओ और कोई बेहतर बिल्ली ढूंढ कर लाओ.”

इसलिए, एक समझदार आदमी होने के नाते, किसान हैलवरसन ने अपनी पत्नी से सहमति जताई और शोर मचाने वाली बिल्ली को वापस खलिहान में ले गया.
अगली सुबह किसान हैलवरसन ने अपनी गायों का दूध निकालने के बाद कुछ क्रीम एक कढ़ाई में डाल दी.
उसने देखा कि बस अब एकमात्र बिल्ली बची थी. वो बिल्ली बेहद शर्मीली और भीरु किस्म की थी. वो तब तक धैर्यपूर्वक इंतजार करती रही जब तक कि दूसरी बिल्लियों ने क्रीम नहीं पी. अंत में उसे एक घूंट क्रीम ही मिलीं.

एक डरपोक बिल्ली कभी भी चूहे पकड़ने वाली एक अच्छी बिल्ली नहीं बनेगी, किसान हैलवरसन ने सोचा. पर चूंकि वो एकमात्र बिल्ली बची थी, इसलिए वो उसे घर ले गया.

"यह रही नई बिल्ली, प्रिय!" किसान हैलवरसन ने रसोई के फर्श पर डरपोक बिल्ली को रखा. "अब तुम्हारी सारी चिंताएं खत्म हो जाएँगी!"

अगली सुबह, दादी हेलवर्सन काफी खुश थीं. वो एक कान से दूसरे से कान तक मुस्कुरा रही थीं.

"यह बिल्ली, चूहे पकड़ने वाली बढ़िया बिल्ली बनेगी," उन्होंने कहा.

"वो बहुत शांत, तेज और धैर्यवान है और चूहों को झट से पकड़ती है.

मैंने उसका नाम एबी रखा है, और मैं उसे अपने किचन में रखने जा रही हूं!"

किसान हैलवरसन एक समझदार आदमी होने के नाते, अपनी पत्नी की बात से एकदम सहमत था. उसे भी लगा कि एबी - उस बिल्ली के लिए एक आदर्श नाम होगा. निश्चित रूप से, किसान हैलवरसन को बहुत राहत मिली क्योंकि अब उसकी पत्नी की चिंताओं का अंत हो गया था.

अब बाकी बिल्लियां जब किसान हैलवरसन के ठंडे खलिहान में हमेशा एक-दूसरे से लड़ाई करती थीं ...

... तब शर्मीली, छोटी एबी अपना काम ख़त्म करने के बाद
गर्म अलाव के सामने लेटकर आराम करती थी!

समाप्त